# यूपी में पीपीपी मोड की 98 से ज्यादा परियोजनाएं लागू

लखनऊ। नई दिल्ली में वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग की ओर से आयोजित कार्यशाला में इन्वेस्ट यूपी के अधिकारियों ने ने सार्वजनिक-निजी साझेदारी (पीपीपी) मोड के तहत यूपी की उपलब्धियां बताई।

अधिकारियों ने बताया कि यूपी ने अब तक 98 से अधिक पीपीपी परियोजनाओं को सफलतापूर्वक लागू किया है और 155 से अधिक परियोजनाएं वर्तमान में क्रियान्वयन के चरण में हैं। कार्यशाला के पहले दिन इन्वेस्ट यूपी के अधिकारियों ने वर्तमान पीपीपी परियोजनाओं व आंकड़ों पर प्रस्तुतीकरण दिया। इसमें पीपीपी के अंतर्गत निवेश योग्य परियोजनाओं के बारे में बताया गया।

वित्त सचिव एम. बालासुब्रमण्यम ने बताया कि राज्य की निवेश-अनुकूल नीतियों और पहल ने विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण निवेश आकर्षित किए हैं। यूपी सरकार की ओर से निवेश और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने के लिए दी जा रही सुविधाओं का भी उल्लेख किया गया। ब्यूरो